आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 08.01.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन शुरू। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने युवाओं को भारत की प्रगति का निर्णायक कारक बताया।
- प्रदेश में निकाय चुनाव प्रचार में आई तेजी, राजनैतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशी जनता से अपने पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हरिद्वार में 50वीं राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।
- केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुंभ– 2025 को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन का विशेष गीत लॉन्च किया।

प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन

18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन आज ओडिशा के भुवनेश्वर में शुरू हुआ। इसमें 75 देशों से आये लगभग छह हजार प्रवासी भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। प्रवासी भारतीय सम्मेलन में लोग ओडिश की समृद्ध संस्कृति और विरासत से भी परिचित होंगे। सम्मेलन की शुरूआत युवा प्रवासी दिवस कार्यक्रम से हुई। विदेशी मंत्री एस. जयशंकर ने युवा प्रवासी भारतीय दिवस का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत आधुनिक, समावेशी और प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करने की राह पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार प्रौद्योगिकी और परंपरा इस राह पर आगे बढ़ने का मंत्र है। विदेशी मंत्री ने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति में युवाओं की भूमिका निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है।

चुनाव प्रचार

प्रदेश में निकाय चुनाव प्रचार में तेजी आने लगी है। विभिन्न राजनैतिक  दल और निर्दलीय प्रत्याशी जनता से अपने–अपने पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं। इस कड़ी में केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने चम्पावत जिले के लोहाघाट और चम्पावत में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क कर जनता से पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

वहीं,  चम्पावत जिले की चारों नगर निकायों में कांग्रेस सहित निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। लोहाघाट नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी राजेन्द्र पुनेठा ने कहा कि अगर जनता ने उनका साथ दिया, तो वे लोहाघाट नगर की तमाम समस्याओं को दूर करने का भरसक प्रयास करेंगे।

मतदान कार्मिक प्रशिक्षण

प्रदेश के विभिन्न जिलों में नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण जारी है। इसी कड़ी में आज पौड़ी के जिला मुख्यालय में 286 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने सभी अधिकारियों को मतदान की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखते हुए समय से सभी काम पूरा करने को कहा। वहीं, प्रभारी चुनाव अधिकारी दीपक रावत ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान मतदान अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया की सभी बारीकियों से अवगत कराया गया।

निरीक्षण

अल्मोड़ा के जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने नगर निगम अल्मोड़ा के चुनाव के लिए मतगणना स्थल राजकीय इंटर कॉलेज अल्मोड़ा का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम और मतगणना टेबल हॉल सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए नोडल अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

कबड्डी प्रतियोगिता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हरिद्वार में 50वीं राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में खेलों के लिए अब बेहतर आधारभूत संरचना तैयार हो गई हैं। इससे खिलाड़ियों को काफी लाभ मिलेगा और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका भी मिलेगा। श्री धामी ने कहा कि प्रदेश में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का भव्य आयोजन किया जाएगा।

विशेष गीत लॉन्च

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुंभ– 2025 को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन का विशेष गीत लॉन्च किया।

उत्तरायणी मेला निरीक्षण

बागेश्वर के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने ऐतिहासिक और पौराणिक उत्तरायणी मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेले को भव्य रूप देने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्नान घाटों में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने सरयू घाट के नदी के दोनों ओर वॉल पेंटिंग करने के साथ ही सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

गणतंत्र दिवस शिविर

वायुसेना प्रमुख अमर प्रीत सिंह आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर–एन.सी.सी. के गणतंत्र दिवस शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एन.सी.सी. देश को एकजुट करने में सराहनीय काम कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि एन.सी.सी. में युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

राष्ट्रीय खेल तैयारियां

38वें राष्ट्रीय खेल की तैयारियों के दृष्टिगत ऊधमसिंह नगर के अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने अन्य अधिकारियों के साथ रुद्रपर स्पोर्ट्स स्टेडियम और स्पोर्ट्स स्टेडियम खटीमा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों के लिए आवास और शौचालय सहित पार्किंग, बिजली, पेयजल आदि की उचित व्यवस्था करने के संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिए।

सड़क सुरक्षा जागरुकता

हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नवोदय विद्यालय, रोशनाबाद में सड़क सुरक्षा जागरूकता मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डिस्प्ले, ऑडियो–विजुअल और लाइव सुरक्षा प्रदर्शनों से लैस मोबाइल वैन स्कूलों में जाकर बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगी। इस अवसर पर श्री डोभाल ने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही नशे से दूर रहने की अपील की।

## गिरफ्तार

अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की टीम ने गंगानाथ मंदिर, एनटीडी के पास एक युवक को लगभग 12 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत बाजार में करीब 3 लाख 64 हजार रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।